कार्य सूची 3

# कार्य रिपोर्ट

वित्त वर्ष 2017–2018

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी)
एवं
पूर्वोत्तर राज्यों के लिए क्षेत्रीय संसाधन केंद्र (आरआरसी–एनई)

विषय सूची


| क्र. सं. | खंड | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| I. | सामुदायिक प्रक्रियाएं/व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवा | 01 |
| II. | स्वास्थ्य सेवाओं का वित्तपोषण | 08 |
| III. | स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी | 12 |
| IV. | स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन | 16 |
| V. | जन स्वास्थ्य प्रशासन | 20 |
| VI | जन स्वास्थ्य नियोजन | 24 |
| VII | गुणवत्ता सुधार | 29 |
| VIII | प्रशासन | |
| | 1. सामान्य प्रशासन और सूचना प्रौद्योगिकी | 33 |
| | 2. मानव संसाधन | 36 |
| | 3. लेखा | 38 |

## I. सामुदायिक प्रक्रियाएं/व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवा

प्रमुख गतिविधियां

1. उत्तर प्रदेश को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में मॉड्यूल 6 एवं 7 के सभी चार चक्रों का आशा प्रशिक्षण संपन्न करना।
2. 15 राज्यों में न्यूनतम 20,000 आशा कार्यकर्ताओं को प्रमाणित करना।
3. सभी राज्यों में सामुदायिक प्रक्रियाओं (सीपी) के सहयोगी ढांचों को सुदृढ़ करना।
4. 4000 स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीएचसी) सेवाओं को कार्यान्वित करने के लिए राज्यों को सहयोग करना।
5. 160 जिलों में गैर–संचारी रोगों की जनसंख्या आधारित जंच शुरू करने में सहयोग करना।
6. विश्वास (विलेज बेस्ड इनीशिएटिव फॉर सिनर्जीज़ इन हेल्थ वाटर एंड सैनिटेशन) स्वास्थ्य, जल एवं स्वच्छता में समन्वय हेतु ग्राम आधारित पहल) सहित वीएचएसएनसी और आरकेएस की क्षमता निर्माण के माध्यम से स्वास्थ्य और सामजिक उत्तरदायित्व के सामजिक घटकों पर कार्रवाई को सुदृढ़ करने के लिए तंत्र बनाना।
7. सीपीएचसी और सीपी के चयनित क्षेत्रों में कार्यान्वयन अनुसंधान करना।
8. एनयूएचएम के तहत सामुदायिक प्रक्रिया प्रयासों को सुदृढ़ करने में राज्यों को सहयोग करना।

गतिविधि 1: आशा प्रशिक्षण

*1.1:उत्तर प्रदेश को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में मॉड्यूल 6 एवं 7 के सभी चार चक्रों का आशा प्रशिक्षण संपन्न करना।*

- उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, हरियाणा एवं केरल राज्यों को छोड़कर आशा कार्यकर्ताओं का चौथे दौर का प्रशिक्षण जारी है।
- चौथे दौर के प्रशिक्षण में 1 जनवरी 2018 तक लगभग 4.69 लाख आशा कार्यकर्ताओं (कुल चयनित आशाओं का 53.15 प्रतिशत)को प्रशिक्षित किया जा चुका है।
- छत्तीसगढ़, असम, मणिपुर, मिज़ोरम, सिक्किम, त्रिपुरा और पंजाब राज्यों ने लगभग 1.24 लाख आशा कार्यकर्ताओं (इन राज्यों में तैनात 95 प्रतिशत से अधिक आशा कार्यकर्ता) के लिए मॉड्यूल 6 और 7 के चौथे दौर का प्रशिक्षण पूर्ण कर दिया है।
- उत्तर प्रदेश से कुल 70 राज्य प्रशिक्षकों के लिए मॉड्यूल 6 और 7 के पहले दौर (25 प्रशिक्षकों), दूसरे दौर (21 प्रशिक्षकों), और तीसरे दौर (24 प्रशिक्षकों), प्रत्येक के एक–एक बैच, के लिए टीओटी आयोजित किया गया।
- बिहार से कुल 40 राज्य प्रशिक्षकों को मॉड्यूल 6 और 7 के तीसरे दौर (14 प्रशिक्षकों) के लिए टीओटी और (26 प्रशिक्षकों) के लिए पुनश्चर्या टीओटी, प्रत्येक के एक–एक बैच, का आयोजन किया गया।

*1.2: राज्य प्रशिक्षकों के लिए सहभागी शिक्षण एवं कार्रवाई में प्रशिक्षण आयोजित करना।*

- असम, मेघालय, झारखंड और उत्तराखंड से 15 राज्य प्रशिक्षकों के एक बैच के लिए दूसरे दौर का पीएलए टीओटी आयोजित किया गया।

*1.3: राज्यों में (राज्य की तैयारी के अनुसार) पीएलए के तीनों दौरों का आशा प्रशिक्षण संपन्न करना।*

- असम, मेघालय, झारखंड और उत्तराखंड में लगभग 3400 आशा फेसिलिटेटरों के लिए पीएलए के दूसरे दौर का प्रशिक्षण जारी है।

*1.4: राज्यों में (राज्य की तैयारी के अनुसार) पीएलए के तीनों दौरों का आशा प्रशिक्षण संपन्न करना।*

- राज्य की योजना के अनुसार 2018–19 में योजना बनाई जाएगी।

*1.5: चरण 1 में गैर–संचारी रोगों की जनसंख्या आधारित जंच के लिए राज्यों द्वारा प्रस्तावित 109 जिलों में गैर–संचारी रोगों में आशा प्रशिक्षण संपन्न करना।*

- राज्य के प्रस्तावों के अनुसार जिलों की संख्या 109 से बढ़कर 158 हो गई है।
- 19 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, दमन एवं दिउ, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मिज़ोरम, नागालैंड, पुड्डुचेरी, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तराखंड) से 33 राज्य प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया, जिससे प्रशिक्षकों का पूल बढ़कर 81 हो गया है।
- बिहार में 33 राज्य प्रशिक्षकों के एक बैच के टीओटी प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान किया गया।
- गैर–संचारी रोगों (एनसीडी) पर आशा मॉड्यूल के बंगाली संस्करण को अंतिम रूप देने में सहयोग किया गया। 33 राज्यों में आशा प्रशिक्षण जारी है। 28 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के चयनित जिलों में 31,063 आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

*1.6: राज्य के प्रस्तावों के आधार पर डिजिटल साक्षरता संबंधी आशा प्रशिक्षण में सहयोग करना।*

- योजना के तरीकों में बदलाव के कारण प्रशिक्षण शुरू नहीं किया जा सका। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस मुद्दे के समाधान के लिए एनडीएलएम से मार्गदर्शन करने का अनुरोध किया है।

*1.7: उपशामक देखभाल और शैशवावस्था विकास पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में परिभाषित लक्ष्यों के अनुसार संचारी रोगों के नियंत्रण पर मॉड्यूल विकसित करना।*

- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा ईसीडी पर विकसित किए जा रहे मॉड्यूल पर इनपुट उपलब्ध कराए गए।
- कार्यक्रम प्रभागों के परामर्श से वर्ष 2018–19 में संचारी रोगों पर मॉड्यूल विकसित किया जाएगा।
- व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए प्रचालन दिशा–निर्देशों के अनुमोदन के उपरांत उपशामक देखभाल का मॉड्यूल विकसित किया जाएगा।

*1.8: सीओपीडी पर मॉड्यूल विकसित करना और राज्य प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करना।*

- अगस्त, 2018 तक सीओपीडी पर मॉड्यूल विकसित किया जाएगा और उसके बाद प्रशिक्षण आरंभ किया जाएगा।

*1.9: आशा के लिए स्वास्थ्य प्रचार सामग्री तैयार करना।*

- एनपीसीडीएस ने आशा कार्यकर्ताओं के लिए स्वास्थ्य प्रचार सामग्री विकसित की है।

गतिविधि 2: आशा प्रमाण पत्र जारी करना

*2.1:राज्य प्रशिक्षकों के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षणों के आयोजन और प्रमाण पत्र जारी करनेमें राज्यों को सहयोग करना तथा 20 राज्यों में (राज्य की तैयारी के अनुसार) राज्य प्रशिक्षण स्थलों का निरीक्षण करना।*

- संपन्न –हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, मिज़ोरम, मेघालय, नागालैंड, और मणिपुर से 94 प्रशिक्षकों के चार बैचों के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षण तथा प्रमाणन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इनमें से 71 प्रशिक्षकों को एनआईओएस द्वारा प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए हैं और शेष 23 प्रशिक्षकों का परिणाम प्रतीक्षित है।
- 10 राज्यों में 21 प्रशिक्षण स्थलों के निरीक्षण दौरे में सहयोग किया। इनमें से 7 राज्यों के 17 स्थलों को एनआईओएस द्वारा मान्यता प्रदान की गई, जबकि 2 राज्यों, कर्नाटक और उत्तराखंड के 03 स्थलों का परिणाम प्रतीक्षित है, और छत्तीसगढ़ के एक स्थल को मान्यता नहीं प्रदान की गई।

*2.2: जिला प्रशिक्षकों के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षणों के आयोजन और प्रमाण पत्र जारी करनेमें राज्यों को सहयोग करना तथा 20 राज्यों में (राज्य की तैयारी के अनुसार) राज्य प्रशिक्षण स्थलों का निरीक्षण करना।*

- उत्तराखंड, असम, कर्नाटक, गुजरात, मध्य प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, पंजाब, महाराष्ट्र और उड़ीसा में जिला प्रशिक्षकों के ग्यारह बैचों के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षण और प्रमाणन कार्यशाला के आयोजन में सहयोग किया गया– अब तक 267 जिला प्रशिक्षकों को मान्यता प्रदान की गई है।
- पांच राज्यों (अरुणाचल प्रदेश, असम, दिल्ली, झारखंड और पंजाब) में 18 प्रशिक्षण स्थलों के निरीक्षण दौरे में सहयोग किया– एनआईओएस द्वारा सभी 18 सीलों को मान्यता प्रदान की गई।

*2.3:15 राज्यों में 20,000 आशा कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र जारी किया जाना।*

- मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और पंजाब में आशा कार्यकर्ताओं के आठ बैचों के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षण और प्रमाणन कार्यशाला के आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया।
- 9 राज्यों– अरुणाचल प्रदेश, असम, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, सिक्किम और त्रिपुरा में 31 जनवरी को लगभग 2256 आशा फेसिलिटेटर और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम के चरण–1 की सैद्धांतिक परीक्षा दी।

गतिविधि 3: सभी राज्यों में सामुदायिक प्रक्रियाओं के सहयोगी ढांचे को सुदृढ़ करना

*3.1: सामुदायिक प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन में प्रभावी सहयोग प्रदान करने के लिए सामुदायिक प्रक्रियाओं के सहयोगी ढांचे का क्षमता निर्माण करना।*

- लगभग 30 प्रतिभागियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के उपयोग में असमानता को दूर करने विषय परदस राज्यों की स्वास्थ्य नियोजन टीमों के साथ कार्यशाला का आयोजन।
- उत्तर प्रदेश, राजस्थान, और उत्तराखंड की टीमों के साथ सीपी प्रयासों पर राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन।
- असम में लगभग 60 डीसीएम और बीसीएम के प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान किया गया।

*3.2: सभी राज्यों से सामुदायिक प्रक्रियाओं से संबंधित महत्वपूर्ण डेटा की बेहतर रिपोर्टिंग के लिए एक वेब आधारित पोर्टल बनाना।*

- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, एचएमआईएस के साथ एकीकरण के लिए सीपी डेटा घटकों को अंतिम रूप देने के लिए इनपुट प्रदान किए गए।

*3.3: आशा फेसलिटेटरों को आशा को नई भूमिकाओं में सलाह देने हेतु प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मॉड्यूल विकसित करना और राज्य प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का आयोजन करना।*

- सीपीएचसी के प्रचालन दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देने के उपरांत मॉड्यल विकसित किए जाएंगे।

गतिविधि 4: एनयूएचएम के तहत सामुदायिक प्रक्रिया प्रयास को सुदृढ़ करना

*4.1: सभी राज्यों में आशा कार्यकर्ताओं को मॉड्यूल 6 एवं 7 का प्रशिक्षण संपन्न करना।*

- सात राज्यों (छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, मिज़ोरम, नागालैंड, गुजरात, हरियाणा और पंजाब) ने आशा कार्यकर्ताओं के लिए मॉड्यूल 6 एवं 7 का प्रशिक्षण आरंभ कर दिया है, जबकि दिल्ली ने सभी आशा कार्यकर्ताओं के लिए मॉड्यूल 6 एवं 7 के चार चक्रों का प्रशिक्षण संपन्न कर दिया है। लगभग 48,618 आशा कार्यकर्ताओं को प्रवेशकालीन मॉड्यूल (तैनात आशा कार्यकर्ताओं का 85 प्रतिशत) का प्रशिक्षण दिया गया और 23,779 को मॉड्यूल 6 एवं 7 के पहले दौर का प्रशिक्षण दिया गया।

*4.2: अक्टूबर, 2017 तक शहरी आशा कार्यकर्ताओं की नई भूमिकाओं के लिए मॉड्यूल विकसित करना और राज्य प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन करना।*

- शहरी संदर्भ में आशा कार्यकर्ताओं की नई भूमिका के प्रस्ताव पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से चर्चा की गई।
- शहरी क्षेत्रों में सीपीएचसी के लिए प्रचालन दिशानिर्देशों के जारी होने पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से परामर्श कर प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित किए जाएंगे।
- 4–5 अक्टूबर, 2017 को एनयूएचएम–सीपी नोडल अधिकारियों पर नोडल अधिकारी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

*4.3: शहरी आशा कार्यकर्ताओंके लिए नए प्रोत्साहनों के कार्यान्वयन में राज्यों को सहयोग करना।*

- नए प्रोत्साहनों के अनुमोदन के उपरांत इस विषय पर कार्य किया जाएगा।

*4.4: राज्य प्रशिक्षकों को एमएएस सदस्यों के लिए हैंडबुक पर प्रशिक्षण का आयोजन करना।*

- राज्यों की आवश्यकतानुसार जारी।
- उत्तर प्रदेश और बिहार में 80 राज्य प्रशिक्षकों के लिए एमएएस टीओटी के आयोजन में सहयोग किया गया।

*4.5: सभी राज्यों में एमएएस सदस्यों का प्रशिक्षण संपन्न करना।*

- जारी

गतिविधि 5: स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण केंद्र के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं का संचालन आरंभ करना

*5.1: एसएचसी टीम के लिए टीम आधारित प्रोत्साहन हेतु मार्गदर्शक नोट तैयार करना।*

- राज्यों को मार्गदर्शक नोट एवं निगरानी रणनीति के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

*5.2: सीपीएचसी का संचालन आरंभ करने के लिए सभी राज्यों के नोडल अधिकारियों का अभिमुखीकरण।*

- 12–13 अक्टूबर, 2017 को कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- सीपीएचसी के लिए प्रचालन दिशानिर्देशों का मसौदा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया और इनपुट के लिए उसे राज्यों को साझा किया गया। 1 एवं 2 मई, 2018 को आयोजित की जाने वाली कार्यशाला के उपरांत दिशानिर्देशों को अंतिम रूप दिया जाएगा।
- सीपीएचसी के लिए सेवाप्रदाता के कार्य निष्पादन में सुधार के लिए प्रोत्साहन राशि के भुगतानों को समरूप करने के लिए, डीएएलवाई के प्रमुख कारणों के समाधान के लिए लागत प्रभावी उपायों की पहचान करने, स्वास्थ्य कल्याण केंद्र और सीपीएचएस के तहत प्वाइंट ऑफ केयर निदान सेवाओं के लिए संरचनात्मक डिजाइन/आईपीएसएस तैयार करने के लिए– कार्यबलों का गठन किया गया। कार्यबलों की सिफारिशों को प्रचालन दिशानिर्देशों में शामिल किया जाएगा।
- व्यापक प्राथमिक देखभाल और मध्य स्तर के स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के कैरियर प्रगति पथ के संदर्भ में बहु–उद्देश्य कार्यकर्ताओं (महिला) की भूमिका पर पुनर्विचार करने के लिए भी कार्यबलों का गठन किया गया।

*5.3: एएए मंच को सुदृढ़ करने और स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र में सीपीएचसी सेवाएं प्रदान करने के लिए अगली पंक्ति के कार्यकर्ताओं– आशा/एमपीडब्ल्यू और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए मॉड्यूल तैयार करना।*

- सीपीएचसी के लिए प्रचालन दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देने के उपरांत आरंभ किया जाएगा।

*5.4: सीपीएचसी के लिए प्रस्तावित बारह सेवाओं के लिए अनिवार्य स्वास्थ्य पैकेज तैयार करना।*

- जलने और आघात, मुख स्वास्थ्य, नाक कान और गला, नेत्र विज्ञान/नेत्र देखभाल, उपशामक देखभाल, बुजुर्गों की देखभाल और मानसिक स्वास्थ्य (और मिर्गी) के लिए सेवा प्रदायगी ढांचा विकसित करने के लिए कार्य बल गठित।
- कार्य बल की अंतिम सिफारिशों के आधार पर सेवा पैकेजों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

*5.5: अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं और मध्य स्तर के सेवाप्रदाताओं के लिए जोखिम आंकलन टूल विकसित करना।*

- सीपीएचसी के लिए प्रचालन दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देने के उपरांत आरंभ किया जाएगा।

*5.6: तकनीकी सलाहकार समिति का गठन कर डिजिटल फेमिली फोल्डर और स्वास्थ्य कार्डों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली बनाना।*

- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को आईटी प्रणाली की आवश्यकता के ब्यौरे सहित संकल्पना नोट की जानकारी प्रदान की गई।

- मई, 2017 में मौजूदा मॉडलों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए राज्यों/संगठनों के साथ परामर्श किए गए।
- अप्रैल, 2018 के प्रथम सप्ताह में 25 राज्यों के 130 राज्य प्रशिक्षकों के दो बैचों की योजना बनाई गई है।
- 14 अप्रैल, 2018 को सीपीएचसी आईटी प्रणाली के एनसीडी मॉड्यूल का शुभारंभ किया गया।

*5.8: अन्य गतिविधियां – आयुष्मान भारत के शुभारंभ की तैयारी से संबंधित गतिविधियों का समन्वय किया गया।*

- 2017–18 और 2018–19 में स्वास्थ्य कल्याण केंद्रों का संचालन आरंभ करने के लिए रोडमैप तैयार किया गया।
- आरंभिक मूल्यांकन के लिए आठ इच्छुक जिलों – श्रावस्ती, पलामू, रांची, मेवात, राजनांदगांव, कांकेड़, नरायनपुर, और चतरा का दौरा किया।
- बीजापुर में दिनांक 14 अप्रैल, 2018 को आशा, एमपीडब्ल्यू, चिकित्साधिकारियों, आरएमए, और स्टाफ नर्सों के प्रशिक्षण; एमपीडब्ल्यू, आरएमए, चिकित्साधिकारियों, और जिला डेटा टीमों के आईटी प्रशिक्षण आरंभ करने में राज्य, जिला और ब्लॉक टीमों को सहयोग प्रदान किया; जनसंख्या की गणना और गैर–संचारी रोगों की सार्वभौम जांच प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया।

*5.9: सामुदायिक स्वास्थ्य (सीपीसीएच) में प्रमाण पत्र कार्यक्रम।*

- 15 राज्यों से राज्य नोडल अधिकारियों, कार्यक्रम प्रभारियों और क्षेत्रीय निदेशकों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य में प्रमाण पत्र कार्यक्रम पर अभिमुखी कार्यशाला की योजना बनाई गई और उसका आयोजन किया गया।
- प्रमाण पत्र कार्यक्रम को आरंभ करने की सर्वोत्तम प्रथाओं और चुनौतियों को समझने, प्रमुख सीखों और सेतु कार्यक्रम की कार्यान्वयन को सुचारु बनाने के लिए अगले उपायों को समझने के लिए बाह्य प्रेक्षकों की समीक्षा रिपोर्टों, एनएचएसआरसी फील्ड दौरा रिपोर्टों, सीआरएम निष्कर्षों और अभिमुखी कार्यशाला में उजागर किए गए मुद्दों का विश्लेषण किया गया।
- सामुदायिक स्वास्थ्य में प्रमाण पत्र कार्यक्रम के लिए सेतु कार्यक्रम के कार्यक्रम की अद्यतन बातों का दस्तावेज तैयार किया गया।
- यूनानी चिकित्सकों को मध्य स्तर के सेवा प्रदाताओं के रूप में उपयोग करने की समीक्षा करने के लिए तकनीकी समिति की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया।

गतिविधि 6: गैर–संचारी रोगों की सार्वभौम जांच प्रक्रिया को आरंभ करना।

*6.1: गैर–संचारी रोगों (एनसीडी) में एमपीडब्ल्यू के लिए राज्य प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित करना।*

- एमपीडब्ल्यू के लिए 10 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (नागालैंड, मेघालय, बिहार, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिउ, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पंजाब) के 17 राज्य प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (टीओटी) के एक बैच का आयाजन किया गया, जिससे राज्य प्रशिक्षकों का कुल पूल बढ़कर 75 हो गया है।
- स्टाफ नर्सों के लिए 30 राज्यों की 65 राज्य प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (टीओटी) के दो बैचों का आयोजन किया गया।

*6.2: गैर–संचारी रोगों की सार्वभौम जांच के लिए चरण 1 में राज्यों द्वारा प्रस्तावित 160 जिलों में गैर–संचारी रोगों में एमपीडब्ल्यू प्रशिक्षण संपन्न करना।*

- 31 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 12,450 एमपीडब्ल्यू का प्रशिक्षण – जारी।

*6.3: चरण 1 की प्रगति की समीक्षा करना और राज्यों के परामर्श से राज्यों में सार्वभौम जांच के लिए चरण 2 के विस्तार की योजना बनाना।*

- 12–13 अक्टूबर, 2017 को आयोजित बैठक के दौरान एनसीडी नोडल अधिकारियों के साथ चर्चा की गई।
- राज्यों से प्राप्त द्विमासिक जानकारी अद्यतन की गई और उसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया।
- राज्यों में लगभग 31,063 आशा, 12450 एमपीडब्ल्यू, 937 स्टाफ नर्स और 1717 चिकित्साधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा 17 राज्यों और 2 संघ राज्य क्षेत्रों के 65 लाख व्यक्तियों की जांच की गई।

गतिविधि 7: वीएचएसएनसी/आरकेएस/एमएएस/यूएलबी को सुदृढ़ करना।

*7.1: 'विश्वास' (विलेज बेस्ड इनीशिएटिव फॉर सिनर्जीज़ इन हेल्थ वॉटर एंड सैनिटेशन) स्वास्थ्य, जल और स्वच्छता के क्षेत्र में तारतम्य स्थापित करने की ग्राम आधारित पहल) पर राज्य प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण और राज्य नोडल अधिकारियों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित करना।*

- 24 राज्यों और 3 संघ राज्य क्षेत्रों से 70 राज्य प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण के दो बैचों का आयोजन किया गया।

*7.2: नवंबर, 2017 तक चरणबद्ध तरीके से 'विश्वास' के क्रियान्वयन में राज्यों को सहयोग करना।*

- जारी – क्षेत्रीय भाषाओं में मॉड्यूल का अनुवाद पूर्ण होने पर प्रशिक्षण आरंभ किया जाएगा।
- 'विश्वास' को आगे (नवंबर, 2017 में) क्रियान्वयन हेतु जिला टीओटी आयोजित करने में अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, असम, मेघालय और नागालैंड को सहयोग प्रदान किया गया।

*7.3: रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) के लिए हैंडबुक पर राज्य प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित करना।*

- 60 आरकेएस राज्य प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण के दो बैचों का आयोजन किया गया।

*7.4: राज्यों में आरकेएस सदस्यों का प्रशिक्षण आरंभ करने में राज्यों को सहयोग करना।*

- मेघालय में आरकेएस पर राज्य एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों की अभिमुखी कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- पश्चिम त्रिपुरा जिले में एनयूएचएम के तहत आरकेएस कार्यशाला के आयोजन में सहायता की गई।
- अगरतला में माननीय स्वास्थ्य मंत्री, त्रिपुरा की अध्यक्षता में आरकेएस पर समीक्षा बैठक सह कार्यशाला के आयोजन में सहायता की गई।

*7.5: वीएचएसएनसी सदस्यों के लिए प्रशिक्षण आरंभ करने में राज्यों को सहयोग करना।*

- जारी।

गतिविधि 8: अनुसंधान और मूल्यांकन

*8.1: सीपीएचसी और सीपी पर संचालन अनुसंधान के लिए नवाचार एवं शिक्षण केंद्रो का सृजन किया जाना।*

- सात संस्थाओं का चयन किया गया है। अप्रैल 2018 के अंतिम सप्ताह में फील्ड मूल्यांकन की योजना है।

*8.2: आशा कार्यकर्ताओं के कैरियर पथ का मूल्यांकन करना – चुनौतियां और आगे की राह।*

- 2018–19 में किया जाएगा।

*8.3: एचबीएनसी और आशा कार्यक्रम के अन्य चयनित घटकों का मूल्यांकन अरंभ करना।*

- साधनों (टूल्स) का मसौदा तैयार किया गया और जिलों का चयन संपन्न। 2018–19 में मूल्यांकन संपन्न किया जाएगा।

*8.4: बजट स्वीकृतियों और आशा एवं वीएचएसएनसी पर व्यय के तरीके से संबंधित द्वितीयक डेटा विश्लेषण करना।*

- 2018–19 में किया जाएगा।

गतिविधि 9: पैरवी

*9.1: अगस्त/सितंबर 2017 तक राष्ट्रीय आशा सलाहकार समूह की बैठकें आहूत करना।*

- 16 अक्टूबर 2017 को बैठक आयोजित की गई।

*9.2: छमाही आशा अपडेट – शहरी क्षेत्रों में नियुक्त आशा और एमएएस सहित – जुलाई 2017 और दिसंबर 2017।*

- आशा अपडेट जुलाई 2017 और जनवरी 2018 के लिए आशा अपडेट का मसौदा तैयार किया जा रहा है।

*9.3: सीपी और सीपीएचसी से जुड़ी सर्वोत्तम प्रथाओं का दस्तावेज तैयार करना।*

- जारी।
- सर्वोत्तम प्रथाओं पर राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं का संकलन तैयार किया गया।

*9.4: सीपी और सीपीएचसी प्रयासों को सहयोग प्रदान करने के लिए राज्यों में स्थानीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर संगठनों/व्यक्तियों का नेटवर्क तैयार करना।*

- जारी।

*9.5: आवश्यकतानुसार सीपी और सीपीएचसी के लिए नीतिगत जानकारी और संचालन दिशानिर्देश तैयार/अद्यतन करना।*

- आशा कार्यकर्ताओं को सौंपने की नीति का मसौदा (ईपीसी में अनुमोदित) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सौंपा गया।
- आशा कार्यकर्ताओं के लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों के लिए नीति का मसौदा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सौंपा गया।
- एक राष्ट्रीय आशा सम्मेलन का आयोजन करने के प्रस्ताव का मसौदा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सौंपा गया।

*9.6: दिसंबर 2017 तक उत्तर–पूर्वी राज्यों में आशा सम्मेलन को संपन्न करना और दस्तावेज तैयार करना। अगस्त 2017 तक त्रिपुरा में आशा कार्यकर्ताओं के लिए कार्य निष्पादन आधारित अतिरिक्त प्रोत्साहन राशियों में वृद्धि किए जाने पर दस्तावेज तैयार करना।*

- त्रिपुरा के लिए राज्य निधि से आशा कार्यकर्ताओं के लिए कार्य निष्पादन आधारित अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि में वृद्धि किए जाने पर दस्तावेज तैयार करने और उसे मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत करने में सहायता की गई।

गतिविधि 10: तकनीकी सहयता, निगरानी और सहयोगी पर्यवेक्षण

*10.1: सीपी के लिए राज्यों के सहयोगी पर्यवेक्षण दौरे करना और सार्वभौम एनसीडी जांच एवं सीपीएचसी को आरंभ करने की प्रक्रिया का दस्तावेज तैयार करना।*

- 15 राज्यों – हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, छत्तीसगढ़, पंजाब, असम, मणिपुर, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, गुजरात और राजस्थान में सार्वभौम एनसीडी जांच आरंभ करने की प्रणालीगत तैयारियों का मूल्यांकन किया गया।

*10.2: राष्ट्रीय स्तर पर राज्य आशा नोडल अधिकारी कार्यशालाओं का आयोजन करना।*

- जुलाई 2018 में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

*10.3: राष्ट्रीय स्तर पर राज्य आशा नोडल अधिकारी कार्यशालाओं का आयोजन करना।*

- 12–13 अक्टूबर, 2017 को बैठक आयोजित की गई।

*10.4: राष्ट्रीय स्तर पर राज्य सीपीएचसी नोडल अधिकारी कार्यशालाओं का आयोजन करना।*

- 12–13 अक्टूबर, 2017 को बैठक आयोजित की गई।

*10.5: पीआईपी 2018–19 के सीपी घटक की तैयारी में राज्यों को सहयोग करना, और पीआईपी 2017–18 के सीपी घटक की समीक्षा करना और राय देना। सतत गतिविधि*

- जारी।

गतिविधि 11: *स्वास्थ्य प्रणालियों पर सहयोगी अनुसंधान पर सहयोग करने के लिए राष्ट्रीय ज्ञान मंच (एनकेपी) का गठन करना।*

- दस सामान्य समीक्षा मिशन के निष्कर्षों से एनकेपी के लिए अनुसंधान प्रश्नों की सूची तैयार की गई।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के परामर्श से संचालन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

## ।।. स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं का वित्तपोषण

प्रमुख गतिविधियां

1. राज्यों के लिए प्रमुख सूचकों सहित वार्षिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा अनुमान रिपोर्ट को अंतिम रूप देना।
2. सभी राज्य टीमों का राज्य स्वास्थ्य लेखा पर क्षमता निर्माण पूर्ण करना।
3. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (एनएचपी) 2017 के लक्ष्यों, स्थायी विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और सबके लिए स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) की प्रगति को मापने के लिए देश और राज्यों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के वित्तपोषण सूचकों के विकास में सहयोग करना।
4. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत नीति एवं कार्यक्रम व्ययों का विश्लेषण करना।
5. स्वास्थ्य सेवाओं की रणनीतिक खरीद और भारत में सार्वजनिक–निजी भागीदारी का दस्तावेज तैयार करना और समीक्षा करना।
6. अन्य संस्थाओं के साथ भागीदारी वाले प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के अनिवार्य पैकेजों सहित स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं का लागत निर्धारण करना।

गतिविधि 1: राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा

*1.1: राज्यवार प्रमुख सूचकों सहित भारत के लिए एनएचए अनुमानों (वित्त वर्ष 2014–15) की रिपोर्ट को अंतिम रूप देना।*

- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राज्यवार प्रमुख सूचकों सहित भारत के लिए एनएचए अनुमानों (वित्त वर्ष 2014–15) की रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया गया, उसे अनुमोदित किया गया और जारी किया गया। रिपोर्ट को राज्यों और अन्य हितधारकों को वितरित किया गया तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और एनएचएसआरसी की वेबसाइटों पर अपलोड किया गया।

*1.2: 2016–17 में जिन 10 राज्यों को प्रशिक्षण नहीं प्रदान किया गया, उनके लिए राज्य स्वास्थ्य लेखा पर क्षमता निर्माण कार्यशाला।*

- इस वर्ष सात राज्य टीमों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, इस प्रकार केवल तीन संघ राज्य क्षेत्रों, अंडमान, लक्षद्वीप तथा दादरा और नागर हवेली को छोड़कर सभी राज्यों के लिए आशा प्रशिक्षण पूरा हो गया है।
- आर्थिक सलाहकार, योजना ब्यूरों की टीम, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के एनएचए प्राकेष्ठ का राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा, स्वास्थ्य लेखा 2011 की प्रणाली, स्वास्थ्य लेखा उत्पादन टूल में अभिमुखीकरण किया गया।
- एसएचएसआरसी महाराष्ट्र को शहरी स्वास्थ्य निकायों की स्वास्थ्य सेवाओं के व्यय के संकलन और विश्लेषण की विधि में प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसके फलस्वरूप एनजीओ/प्रतिष्ठानों का सर्वेक्षण करने का प्रस्ताव हुआ।

*1.3: राज्य स्वास्थ्य लेखा तैयार करने में राज्यों को तकनीकी सहयोग।*

- राज्य स्वास्थ्य लेखा (एसएचए) आयोजित करने में महाराष्ट्र को तकनीकी सहयोग जारी है।

- अपने एसएचए कार्य में शामिल करने के लिए महाराष्ट्र में प्रतिष्ठानों और एनजीओ द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के व्यय का सर्वेक्षण आयोजित करने में भी सहयोग प्रदान किया जा रहा है।
- एसएचए कार्य आरंभ करने के लिए एसएचएसआरसी के माध्यम से कर्नाटक को तकनीकी सहयोग।

*1.4: अक्टूबर 2017 तक एनएचए विधियों को सुदृढ़ करना और डेटा खरीद को संस्थागत करना।*

- केंद्र सरकार के मंत्रालयों के लिए इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में डेटा खरीद को संस्थागत बनाने के लिए महा लेखा नियंत्रक (सीजीए) के साथ बैठकें की गईं। सीजीए ने डेटा प्रदान किया।
- इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में राज्यवार डेटा के लिए सीएजी के साथ बैठक की गई और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से पत्र भेजे गए। वित्त वर्ष 2018–19 में डेटा प्राप्त होने की संभावना है। प्रभाग, सीएजी के साथ अनुवर्ती कार्रवाई कर रहा है।
- वित्त वर्ष 2015–16 के लिए भारत में शहरी स्थानीय निकायों द्वारा स्वास्थ्य पर हुए व्यय पर एक अध्ययन पूर्ण हो गया है। पूर्वोत्तर राज्यों में शहरी स्थानीय निकायों द्वारा वर्ष 2015–16 के लिए स्वास्थ्य सेवाओं पर हुए व्ययों का संग्रह और विश्लेषण किया जा रहा है।
- वित्त वर्ष 2016–17 और वित्त वर्ष 2017–18 के लिए प्रतिष्ठानों और गैर–सरकारी संगठनों (एनजीओ) द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं पर हुए व्ययों पर सर्वेक्षण आरंभ करने के लिए भावी भागीदारों से चर्चा की गई। वे यह अध्ययन वित्त वर्ष 2018–19 में आरंभ कर सकते हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ की राज्यवार सूची तैयार की गई।

*1.5: फरवरी 2018 तक भारत के लिए एनएचए दिशानिर्देशों में संशोधन करना।*

- दिशानिर्देशों में संशोधन किया गया और भारत के लिए एनएचए अनुमानों की 2014–15 की रिपोर्ट में प्रकाशित किया गया।

*1.6: एनएचए संचालन समिति और विशेषज्ञ समूह की बैठकों का समन्वय करना।*

- विशेषज्ञ समूह की बैठक में एनएचए 2014–15 अनुमानों को अंतिम रूप दिया जाएगा और अप्रैल 2017 में अपने पास से किए गए व्यय (आउट ऑफ पॉकेट एक्सपेन्डीचर) पर उप समूह की बैठक का आयोजन किया गया था।
- भारत के लिए वित्त वर्ष 2015–16 के एनएचए अनुमानों पर कार्य आरंभ किया, डेटा जुटाने का कार्य आरंभ हो चुका है। एनएचएम, सीजीए से डेटा संग्रह का समन्वय किया गया। यूएलबी सर्वेक्षण, निजी स्वास्थ्य बीमा व्यय, द्वारा स्वास्थ्य व्ययों का आंकलन करने के लिए बाहरी परामर्शदाताओं का उपयोग करना।
- कर्नाटक में राज्य सरकार और नीति आयोग द्वारा आयोजित कार्यशाला– मानव पूंजी परिवर्तन के लिए सतत कार्रवाई में भाग लिया।
- सीआरएम 2017–18 के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के वित्तपोषण का टीओआर संशोधित किया गया। राज्य निष्कर्षों का सारांश और स्वास्थ्य सेवाओं के वित्तपोषण पर अध्याय का मसौदा तैयार किया।
- स्वास्थ्य लेखा पर नए प्रबंध निदेशकों (एमडी) और प्रधान सचिवों और एसएचएसआरसी का अभिमुखीकरण।

- पेरिस में ओईसीडी के एनएचए विशेषज्ञों की वार्षिक बैठक में भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं की वित्तपोषण स्कीमों और अन्य एनएचए वर्गीकरण श्रेणियों के अनुसार अनुमानों पर पहुंचने में पद्धति संबंधी महत्वपूर्ण चुनौतियों पर प्रस्तुति दी।

गतिविधि 2: स्वास्थ्य सेवा वित्तपोषण के सूचकों की निगरानी करना

*2.1: जुलाई 2018 तक एसडीजी 3.8.2 पर उप समूह के साथ समन्वय में भारत और राज्यों के लिए एसडीजी 3.8.2 (वित्तीय संरक्षण) के लिए सूचकों और पद्धतियों को अंतिम रूप देना।*

- सूचकों को अंतिम रूप दिया गया और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (सीडी–आंकड़े) के साथ साझा किया गया।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और विश्व बैंक द्वारा वैश्विक मानक पद्धति का उपयोग करके एनएसएसओ उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण डेटा का उपयोग कर वित्त वर्ष 2009, 2010–11, 2011–12 के सूचक तैयार किए गए और डब्ल्यूएचओ के प्रकाशित डेटा के साथ उनका मिलान किया गया।

*2.2: अगस्त 2017 तक स्वास्थ्य वित्तपोषण सूचकों एसडीजी 3.8.2 (जहां भी डेटा उपलब्ध हो) के मान निकालना।*

- स्वास्थ्य वित्तपोषण सूचक के लिए राज्यवार मान – स्वास्थ्य और बीमारी पर एनएसएसओ के 71वें दौर के सर्वेक्षण से उपलब्ध आंकड़ों का उपयोग करके वर्ष 2014 के लिए घातक स्वास्थ्य पर हुए व्यय की गणना की गई है।

*2.3: सरकारी स्वास्थ्य व्यय में संघ/राज्य की हिस्सेदारी और एसडीजी, यूएचसी और एनएचपी 2017 लक्ष्यों के लिए प्रासंगिक अन्य सूचकों का मान निकालना।*

- शहरी क्षेत्रों में एक संक्षिप्त और विश्लेषित एनएसएसओ स्वास्थ्य व्यय सूचक विकसित किया।
- मई 2017 में एनयूएचएम अभिमुखीकरण कार्यशाला में शहरी क्षेत्रों के लिए एनएसएसओ अपने पास से हुए व्यय (ओओपीई) का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए भारत में स्वस्थ्य सेवाओं का वित्तपोषण के नीतिगत नोट का मसौदा तैयार किया गया।
- डब्ल्यूएचओ एसईएआरओ कार्यशाला के लिए भारत में स्वास्थ्य सेवाओं का वित्तपोषण का ब्यौरा और चुनौतियों पर एक संक्षिप्त जानकारी तैयार की।
- एनएसएसओ स्वास्थ्य व्यय के राज्यवार विश्लेषण को अनुरोधों के अनुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और अन्य प्रभागों के साथ साझा किया गया था।
- स्वास्थ्य और रुग्णता सर्वेक्षण 2017–18 (एनएसएसओ सर्वेक्षण का 75वां दौर) की कार्यकारी समूह की बैठकों में भाग लिया
- अच्छी एवं अनुकरणीय आदतें (गुड एंड रेप्लिकेबल प्रैक्टिस) शिखर सम्मेलन, इंदौर में सरकारी स्वास्थ्य व्यय रिपोर्ट (2013–14) जारी की गई थी।
- एनएचपी 2017– स्वास्थ्य वित्तपोषण संबंधित क्षेत्रों के लिए कार्यान्वयन ढांचे को अद्यतन किया गया।
- ब्रिक्स के संयुक्त सांख्यिकीय प्रकाशन के लिए इनपुट प्रदान किया गया।

- बजट सत्र के लिए आर्थिक सर्वेक्षण 2017–18 में इनपुट प्रदान किए गए।

गतिविधि 3: राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के व्ययों का विश्लेषण

*3.1: फ्लेक्सी पूल के अनुसार/एनएचएसआरसी/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रभागों के विशिष्ट रुचि वाले क्षेत्रों के एनएचएम व्यय का विश्लेषण करना।*

- विशेष रूप से एनएचएम व्ययों के लिए सरकारी स्वास्थ्य व्यय में संघ/राज्य के हिस्सेदारी की गणना की गई और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को इसकी जानकारी प्रदान की गई।
- एनएचएम के तहत वित्त वर्ष 2014–15 में द्वितीयक देखभाल सेवाओं पर सरकारी स्वास्थ्य व्यय के अनुमानों की गणना की गई।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा आशा से संबंधित व्ययों पर कार्य आरंभ किया गया।
- इम्फाल में आयोजित क्षेत्रीय स्तर की पीआईपी कार्यशाला के लिए पूर्वोत्तर राज्यों (असम को छोड़कर) का आरओपी विश्लेषण पूर्ण किया गया।

गतिविधि 4: भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की रणनीतिक खरीद

*4.1: मार्च 2018 तक देखभाल के सभी स्तरों के लिए भारत में रणनीतिक खरीद मॉडल की पहचान करना, दस्तावेज तैयार करना और समीक्षा करना।*

- भारत में रणनीतिक खरीद को परिभाषित करने और कुछ खरीद मॉडलों का दस्तावेज तैयार करने हेतु एक ढांचा विकसित करने के लिए अध्ययन किया जा रहा है। सुवर्णा आरोग्य सुरक्षा ट्रस्ट, कर्नाटक पर एक प्रकरण अध्ययन पूरा हो गया है और वित्त वर्ष 2018–19 में अन्य मॉडलों के दस्तावेज तैयार किए जाएंगे।

*4.2: मार्च 2018 तक स्वास्थ्य के क्षेत्र में सार्वजनिक निजी भागीदारी के वित्तपोषण के बारे में जानकारी एकत्र करना और जानकारी की समीक्षा करना।*

- सीपी, पीएचपी प्रभागों के साथ भागीदारी में, एचसीएफ ने उत्तराखंड में चिकित्सा सुविधा आपके द्वार कार्यक्रम का मूल्यांकन कार्य आरंभ किया है।
- स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कार्यकारी समूह के सदस्य।
- एनईआरआरसी– पीपीपी मोड के माध्यम से संचालित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी एकत्र की, पीपीपी द्वारा संचालित किए जा रहे मेघालय स्थित स्वास्थ्य केंद्रों के मूल्यांकन के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया और राज्य को प्रस्तुत किया गया।

गतिविधि 5: स्वास्थ्य सेवाओं की लागत का निर्धारण

*5.1: दिसंबर 2017 तक आवश्यकतानुसार सीपी प्रभाग, एनएचएसआरसी और अन्य के परामर्श से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के अनिवार्य पैकेजों की लागत का निर्धारण करना।*

- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुरोध पर उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं का पता लगाने के लिए प्रस्तावित एएनएम प्रोत्साहन योजना के लिए लागत निर्धारण करना।

- पिछले 3 वर्षों में एनटीआर वैद्य सेवा स्वास्थ्य बीमा योजना के संचालन की अनुमानित लागत का कार्य पूरा हुआ।
- स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र में उच्च रक्तचाप और मधुमेह के लिए दवाएं देने के लिए लागतों का अनुमान लगाया जा रहा है।
- स्वास्थ्य कर्मियों (एएनएम/आशा/आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं) के लिए टीम आधारित प्रोत्साहनों के लिए अंतिम नमूना आकार और पद्धति को अंतिम रूप दिया और पद्धतियों का संचालन किया और राज्यों को अंतिम मार्गदर्शन नोट प्रस्तुत किया गया।

## ।।।. स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी

प्रमुख गतिविधियां

1. रणनीतिक खरीद के लिए तकनीकी दस्तावेजों के मसौदे तैयार करना।
2. निःशुल्क निदान सेवाएं, जैव चिकित्सा उपकरण रखरखाव कार्यक्रम को आरंभ करने, पीएम राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम जैसे गहन प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में राज्यों को सहयोग करना और निगरानी एवं मूल्यांकन करना।
3. स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन और उत्पाद नवाचारों में सहयोग करना।
4. चिकित्सा उपकरण नियमावली और राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण के कार्यान्वयन में सहयोग करना।
5. भारत के मटेरियोविजिलेंस कार्यक्रम और परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (एईआरबी) के अनुपालन द्वारा रोगी सुरक्षा प्रबंधन में सहयोग करना।
6. महानिदेशालय (आपूर्ति और डिस्पोजेबल), फार्मास्युटिकल विभाग, भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के साथ सहयोग कर घरेलू निर्माताओं को जोड़ना और अधिमानी बाजार उपयोग नीति को अंतिम रूप देना।
7. चिकित्सा उपकरणों और मटेरियोविजिलेन्स पर प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय संचालन मानकों को तैयार करने में क्रमशः स्वास्थ्य क्षेत्र कौशल परिषद और भारतीय फार्माकोपिया आयोग के साथ सहयोग करना।
8. कम संसाधन वाले केंद्रों के लिए अभिनव समाधान/चिकित्सा उपकरणों के मूल्यांकन सहित स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी नीति के क्षेत्र में सहयोग केंद्र के रूप में डब्ल्यूएचओ के साथ भागीदारी करना।

गतिविधि 1: रणनीतिक खरीद के लिए तकनीकी दस्तावेजों के मसौदे तैयार करना।

*1.1 उपकरण लागत का मानकीकरण।*

- 1100 से अधिक वस्तुओं: भारतीय जन स्वास्थ्य मानक (आईपीएचएस) उपकरण, मातृ एवं बाल स्वास्थ्य (एमसीएच) उपकरण, व्यापक स्तनपान प्रबंधन केंद्र (सीएलएमसी), रोगी वाहन (एम्बुलेंस), केंद्रीय स्टेरिल आपूर्ति विभाग (सीएसएसडी), और ऑपरेशन थिएटरों (ओटी) के लिए उपकरण लागत का मानकीकरण पूरा किया गया।

*1.2: जन स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए प्रस्ताव के अनुरोध, मैनुअल और विनिर्देश के मसौदे तैयार करना।*

- पेरीटोनियल डायलिसिस पर पॉलिसी दस्तावेज का मसौदा तैयार किया गया और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सौंपा गया।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सौर ऊर्जा संबंधी प्रस्तावों का अनुरोध (आरएफपी), नैदानिक उपकरण के लिए किराए पर अभिकर्मक मॉडल तैयार किया गया और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सौंपा गया।
- पीएचसी और सीएलएमसी में आईपीएचएस एमसीएच, सीएसएसडी, ओटी, बीएमएमपी, सौर ऊर्जा से संबंधित 400 से अधिक वस्तुओं के लिए जेनेरिक तकनीकी विनिर्देशों का मसौदा पूरा किया गया। अगले वर्ष विशेषज्ञों की तकनीकी समिति द्वारा स्वीकृति ली जाएगी।

*1.3 चिकित्सा उपकरणों को अनुपयोग्य घोषित (कंडम करने) की नीति।*

- जैव चिकित्सा उपकरण रखरखाव और प्रबंधन कार्यक्रम (बीएमएमपी) तकनीकी मैनुअल में पहला मसौदा शामिल किया गया।

*1.4 उन राज्यों के लिए, जिनके पास कोई खरीद दिशानिर्देश/नीति नहीं है, जीएफआर 2017 के अनुसार चिकित्सा उपकरण खरीद दिशानिर्देश/नीति बनाना :*

- राज्यों के अनुरोध के आधार पर सतत गतिविधि।

*1.5: चिकित्सा उपकरणों के लिए भारतीय प्रमाणन (आईसीएमईडी) स्कीम के विशिष्ट मानकों का मसौदा तैयार करने के लिए भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के साथ निरंतर सहयोग।*

- *मानक तैयार और वितरित किया गया – कार्यान्वयन जारी है*

गतिविधि 2: गहन प्रौद्योगिकी वाले कार्यक्रमों के कार्यान्वयन, मूल्यांकन और निगरानी में राज्यों की सहायता करना

*2.1: एक वर्ष और अधिक अवधि पूरा करने वाले कार्यक्रमों के लिए निगरानी टूल्स को अंतिम रूप देना:*

- जैव–चिकित्सीय उपकरणों का रखरखाव और प्रबंधन (बीएमएमपी), पीएम राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम और निःशुल्क नैदानिक सेवा पहल (एफडीआई) के लिए निगरानी टूल्स को अंतिम रूप दिया गया।

*2.2: गहन प्रौद्योगिकी कार्यक्रम को आरंभ करने में राज्यों को सहयोग प्रदान करना:*

- सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से बीएमएमपी को लागू करने में छह अतिरिक्त राज्यों को सहयोग प्रदान किया गया (इस प्रकार कुल 16 राज्यों में पीपीपी के माध्यम से और चार राज्यों में संस्थागत के साथ–साथ 11 राज्यों में निविदाओं का कार्य प्रगति पर है।)
- निःशुल्क निदान सेवा पहलः
  - प्रयोगशालाः पांच अतिरिक्त राज्यों में सहयोग प्रदान किया गया (अब तक पीपीपी के माध्यम से आठ राज्यों में और 21 राज्यों में संस्थागत रूप से लागू किया गया है, दो राज्यों में निविदाओं का कार्य प्रगति पर है।)
  - सात अतिरिक्त राज्यों में सीटी स्कैन (12 राज्यों में पीपीपी के माध्यम से, 11 राज्यों में संस्थागत रूप से लागू किया गया है, और एक राज्य में निविदा कार्य प्रगति पर है)
  - चार अतिरिक्त राज्यों में टेलीरेडियोलॉजी (अब तक चार राज्यों में पीपीपी के माध्यम से लागू किया गया है और सात राज्यों में निविदा कार्य प्रगति पर है।)
  - सात अतिरिक्त राज्यों में डायलिसिस (15 राज्यों में पीपीपी के माध्यम से, आठ राज्यों में संस्थागत रूप से और आठ राज्यों में निविदा प्रगति पर है।)
  - बीएमईपी, निः शुल्क नैदानिक सेवाओं और डायलिसिस कार्यक्रम के कार्यान्वयन की स्थिति की निगरानी के लिए अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा और मिजोरम में फील्ड दौरे किए गए।
  - गुवाहाटी में 8 पूर्वोत्तर राज्यों के लिए जैव चिकित्सा उपकरण रखरखाव कार्यक्रम, निःशुल्क निदान सेवाएं, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के कार्यान्वयन की स्थिति और एईआरबी दिशानिर्देशों के अनुसार

एक्स–रे मशीनें की लाइसेंसिंग पर आयोजित दो दिवसीय अभिमुखीकरण सह समीक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

*2.3 कार्यक्रम के कार्यान्वयन के 12 महीने पूरे किए सभी राज्यों की डेस्क समीक्षा*

- 22 राज्यों में एफडीआई और 16 राज्यों में बीएमएमपी की समीक्षा पूरी हुई

*2.4: कार्यक्रम के कार्यान्वयन के 12 महीने पूरे किए राज्यों की फील्ड समीक्षा:*

- टेलीरेडियोलॉजी के लिए बिहार, बीएमएमपी के लिए मिजोरम, रोगी वाहन के लिए हरियाणा, और त्रिपुरा में टेलीरेडियोलॉजी के लिए फील्ड समीक्षा पूर्ण हुई।
- पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के साथ भागीदारी में उत्तराखंड में एम्बुलेंस सेवाओं की फील्ड समीक्षा के लिए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) को अंतिम रूप दिया गया।

*2.5 व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए मार्गदर्शिका – टेलीमेडिसिन और प्वाइंट ऑफ केयर डिवाइस तैयार की गई – समीक्षा हेतु रिपोर्ट स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को प्रस्तुत की गई।*

गतिविधि 3: उत्पाद नवाचारों और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन का कार्य आरंभ करना।

*3.1: नवाचारों का त्वरित मूल्यांकन पोर्टल पर अपलोड किया गया।*

- मूल्यांकन किए गए 33 नवाचारों को वेबसाइट पर अपलोड किया गया, जिनमें से दस की छंटनी की गई थी और सात का चयन किया गया। इंदौर में सर्वश्रेष्ठ आदतें शिखर सम्मेलन में प्रस्तुतियों के लिए पांच चुने गए थे, और दो उत्पादों का चयन पोस्टर प्रस्तुति के लिए किया गया था।

*3.2: प्रायोगिक चरण के उपरांत स्वास्थ्य सेवा एटीएम का मूल्यांकन।*

- मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में इस उत्पाद का मूल्यांकन पूरा हुआ

*3.3: सस्ती स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी के उत्थान की दिशा में इनो हेल्थ के साथ साझेदारी करना–*

- इनो हेल्थ शिखर सम्मेलन के लिए संदर्भित 27 उत्पादों के त्वरित मूल्यांकन का कार्य आरंभ किया गया।

*3.4: स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन*

- स्तन कैंसर की जांच के लिए स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन तकनीकी केंद्र के रूप में सेवा प्रदान करना।
- विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों का स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन (एचटीए) शुरू किया गया।
- स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी आकलन (एचटीए) फैलोशिपों का संचालन – पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के साथ भागीदारी में 1 सप्ताह का एचटीए फैलोशिप कार्यक्रम पूरा हुआ।

गतिविधि 4: चिकित्सा उपकरण नियमों के कार्यान्वयन में सहयोग करना और राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) को सयोग प्रदान करना।

*4.1: चिकित्सा उपकरण परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना की दिशा में परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं (एनएबीएल) के दिशानिर्देश हेतु राष्ट्रीय मान्यता बोर्ड को सहयोग करना।*

- एनएबीएल द्वारा चिकित्सा उपकरण परीक्षण प्रयोगशालाओं के लिए दिशानिर्देशों का मसौदा तैयार किया गया और उसे अंतिम रूप दिया गया।

*4.2: भारत के महा औषधि नियंत्रक – डीसीजी (आई), केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (नेशनल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्लू) को चिकित्सा उपकरणों के लिए पर्याप्त क्षमता निर्माण में सहयोग करना।*

- बीआईएस के सहयोग से चिकित्सा उपकरण मानकों को तैयार करने में योगदान दिया गया।

*4.3: अधिसूचना के लिए चिकित्सा उपकरणों की प्राथमिकता सूची तैयार करना।*

- जारी

*4.4: चिकित्सा उपकरणों पर औषधि विभाग को सहयोग प्रदान करना।*

- आईपीएचएस सूची और चिकित्सा उपकरण मूल्य नियंत्रण आदेश के अनुसार अनिवार्य चिकित्सा उपकरणों का मसौदा तैयार किया गया और औषधि विभाग को सौंपा गया।

*4.5: चिकित्सा उपकरणों के मूल्य निर्धारण से संबंधित मुद्दों को हल करने में एनपीपीए की सहायता करना। –*

- जारी

गतिविधि 5: मैटेरियोविजिलेंस एवं परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (एईआरबी) अनुपालन के माध्यम से रोगी सुरक्षा प्रबंध में सहयोग करना।

- एईआरबी आरएफपी का मसौदा तैयार और प्रकाशित किया गया और परामर्श बैठक आयोजित की गई तथा राज्य को दिशानिर्देश वितरित किए गए।
- त्रिपुरा, असम और उत्तर प्रदेश राज्य में एईआरबी कार्यक्रम शुरू किया गया।
- दिल्ली और गुवाहाटी में विकिरण सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई।
- एईआरबी ने दिल्ली में विकिरण सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला में सहयोग किया।
- मैटेरियोविजिलेंस कार्यक्रम–मेडिकल उपकरणों की बाजार में उतरने पर निगरानी में सहयोग।

गतिविधि 6: निजी घरेलू निर्माताओं के साथ संपर्क साधना

*6.1: जेम (सरकारी ई–बाजार) के कार्यान्वयन के लिए आपूर्ति और निपटान महानिदेशालय (डीजीएस एंड डी) के साथ सहयोग करना।*

- अंतिम रूप देने के बाद, आईपीएचएस चिकित्सा उपकरण विनिर्देशों को जेम पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

*6.2: घरेलू निर्माताओं के लिए अधिमानी बाजार पहुंच नीति बनाने और उसे कार्यान्वित करने के लिए अन्य विभागों के साथ सहयोग करना।*

- घरेलू निर्माताओं के लिए अधिमानी बाजार पहुंच नीति के मसौदा तैयार करने के लिए इनपुट प्रदान किया गया, जिसे जनता की राय जानने के लिए अपलोड किया जा चुका है।

गतिविधि 7: स्वास्थ्य क्षेत्र कौशल परिषदों और भारतीय फार्माकोपिया कमीशन आदि के साथ सहयोग करना।

- चिकित्सा उपकरण तकनीशियनों और मटेरियोविजिलांस कार्यक्रमों के प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों का विकास पूर्ण।

गतिविधि 8: डब्ल्यूएचओ सहयोग केंद्र की गतिविधियां

- चिकित्सा उपकरणों की प्राथमिकता सूची तैयार करना और कम संसाधन वाले केंद्रों में चिकित्सा उपकरणों के लिए अभिनव समाधानों का मूल्यांकन करना।
- फरवरी 2019 में दिल्ली में 4थे वैश्विक चिकित्सा उपकरण मंच (ग्लोबल मेडिकल डिवाइसेज फोरम (जीएमडीएफ) की मेजबानी का निर्णय लिया गया। आंध्र प्रदेश में निःशुल्क निदान पहल (एफडीआई) पर मूल्यांकन रिपोर्ट की डब्ल्यूएचओ द्वारा समीक्षा की गई ।
- मूल्यांकन रिपोर्ट की महत्वपूर्ण सीखों पर विचार–विमर्श किया गया।

## IV. स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन

प्रमुख गतिविधियां:

1. व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए 4000 मध्यम–स्तरीय स्वास्थ्य सेवाप्रदाताओं (एमएलएचपी) का संवर्ग बनाना।
2. राज्यों में एचआरएच भर्ती प्रक्रिया को सुदृढ़ करना।
3. एनयूएचएम के तहत एचआरएच के मुद्दों का समाधान करना: एएनएम के कार्यनिष्पादन में वृद्धि करने पर मार्गदर्शिका और एनयूएचएम के तहत एचआरएच को सुदृढ़ करने के लिए मुद्दों और तंत्र को उजागर करने वाला ब्रोशर।
4. कार्यबल प्रबंधन पर मार्गदर्शिका: एनएचएम कार्यबल के प्रबंधन के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत।
5. राज्यों का प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण करना।
6. अध्ययन और मूल्यांकन करना: (i) ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य कार्यबल को सेवा में बनाए रखने की रणनीतियों पर अध्ययन; (ii) छत्तीसगढ़ में 'आशा से एएनएम तक': चुनौतियां और अवसर पर अध्ययन; (iii) चुनिंदा राज्यों में नर्सिंग के लिए शासन ढांचे का अध्ययन
7. पीआईपी मूल्यांकन: मानव संसाधन मूल्यांकन और सिफारिश

गतिविधि 1: व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए 4000 मध्यम–स्तरीय स्वास्थ्य सेवाप्रदाताओं (एमएलएचपी) का संवर्ग बनाना।

*1.1 स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों (एचडब्ल्यूसी) में एचआरएच बढ़ाने के लिए रणनीतियों और गतिविधियों का विकास और कार्यान्वयन*

- मई 2017 में 11 राज्यों में नर्सों के लिए सेतु कार्यक्रम शुरू किया गया।
- नई दिल्ली और बैंगलोर में इग्नू, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और एनएचएसआरसी द्वारा राज्य नोडल अधिकारियों, कार्यक्रम अध्ययन केंद्र प्रभारियों, और अकादमिक सलाहकारों के लिए दो अभिमुखी कार्यशालाएं आयोजित की गईं।
- उम्मीदवारों के चयन और नामांकन पर आवधिक अद्यतन जानकारी संकलित की गई और उसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सौंपा गया।
- मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) का मसौदा तैयार किया गया और कार्यान्वयन का मूल्यांकन करने वाले साधनों (टूल्स) को अंतिम रूप दिया गया।
- सबल पक्ष और चुनौतियों की पहचान करने के लिए सात राज्यों में निगरानी दौरे किए गए। मुख्य निष्कर्षों और सिफारिशों की जानकारी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को प्रदान की गई।
- पूर्वोत्तर राज्यों सहित पांच राज्यों में दूसरे बैच के लिए के लिए उम्मीदवारों के चयन और नामांकन प्रक्रियाओं में सहयोग किया गया।

- सेतु (ब्रिज) कार्यक्रम के लिए उम्मीदवारों का चयन करने के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित करने में राज्यों का सहयोग करने के लिए अंग्रेजी और हिंदी में एक प्रश्न बैंक तैयार किया गया।
- सेतु कार्यक्रम के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए स्वतंत्र बाह्य मूल्यांकनकर्ताओं का एक पूल बनाया गया। तीन राज्यों में बाह्य समीक्षा की गई।
- विभिन्न राज्यों के लिए पीआईपी में सेतु कार्यक्रम के लिए बजटीय अनुमोदन की समीक्षा की गई।
- सेतु कार्यक्रम के विस्तार के लिए कार्यक्रम अध्ययन केंद्रों (पीएससी) की पहचान करने और उन्हें सुदृढ़ करने में राज्यों को सहयोग प्रदान किया गया।
- अधिक विस्तार करने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के बाहर अतिरिक्त पीएससी की पहचान और मान्यता प्रदान करने के प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया गया।
- नर्सों और आयुर्वेद चिकित्सकों दोनों के लिए एक साझा कार्यक्रम विकसित करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और इग्नू को सहयोग प्रदान किया गया।

*1.2: मध्य स्तर के स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए कैरियर प्रगति पथ विकसित करना*

- मध्य–स्तर के स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए कैरियर प्रगति पथ का मसौदा तैयार किया गया और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सौंपा गया।

*1.3: सार्वजनिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के साथ व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में एमपीडब्ल्यू (एम) की भूमिका का समर्थन करने के लिए एक मार्गदर्शक पुस्तिका विकसित करना*

- 'एमपीडब्ल्यू (एम) की भूमिकाः एमपीडब्ल्यू (एम) की मौजूदा संख्या, उनकी भूमिकाएं और जिम्मेदारियां और प्रशिक्षण के अवसर' की समीक्षा करने के लिए प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया गया।

*1.4: अगले दशक के लिए एमपीडब्ल्यू (एफ) की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर पुनर्विचार करना*

- एचआरएच डिवीजन ने सामुदायिक प्रक्रिया विभाग, एनएचएसआरसी द्वारा 'अगले दशक के लिए एमपीडब्ल्यू (एफ) की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर पुनर्विचार करना' पर गठित कार्य बल समिति में भाग लिया।

*1.5: व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए मानव संसाधन और प्रशिक्षण पर कार्य बल*

- कार्यबल के सदस्यों से प्राप्त इनपुट के आधार पर, रिपोर्ट में आवश्यक संशोधन किए गए। अंतिम रिपोर्ट सभी समिति सदस्यों को प्रदान की गई।

गतिविधि 2: राज्यों में एचआरएच भर्ती प्रक्रिया को सुदृढ़ करना

*2.1: एनयूएचएम के साथ–साथ एनएचएम के तहत कर्मचारियों की कमी का समाधान करने के लिए किए जाने वाले प्रयासों को अपनाने और कार्यान्वित करने में राज्यों को सहयोग करना।*

- एनएचएम के तहत भर्ती करने में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों को सहयोग प्रदान किया गया।
- छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश राज्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सूचीबद्ध एचआर भर्ती एजेंसियों की सेवाएं लेने में सहायता प्रदान की गई।
- राज्य में विभिन्न पदों की भर्ती करने के लिए समिति के चयन में असम राज्य को सहयोग प्रदान किया गया।

- आंध्र प्रदेश राज्य के लिए विभिन्न संवर्ग (चिकित्साधिकारी (एलोपैथी), चिकित्साधिकारी आयुर्वेद, फार्मासिस्ट, ऑप्टोमेट्रिस्ट इत्यादि सहित) की भर्ती के दौरान ज्ञान परीक्षण के लिए 'प्रश्न पत्र' तैयार किए गए।
- मानव संसाधन भर्ती एजेंसियों के पैनल के लिए आवेदन आमंत्रित करने के लिए ईओआई को संशोधित और अद्यतन किया गया और स्वीकृति के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को भेजा गया।
- पूर्वोत्तर राज्यों में एनएचएम परामर्शदाताओं की समय पर भर्ती के लिएं एनई–आरआरसी टीम द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

गतिविधि 3: एनयूएचएम के तहत एचआरएच से जुड़े मुद्दों का समाधान करनाः एएनएम के कार्यनिष्पादन में वृद्धि करने पर मार्गदर्शिका और एनयूएचएम के तहत एचआरएच को सुदृढ़ करने के लिए मुद्दों और तंत्र को उजागर करने वाला ब्रोशर।

*3.1: एनयूएचएम के तहत एचआरएचः एचआरएच की कमी का समाधान करने के लिए परिस्थिति विश्लेषण और सिफारिशें तैयार करना।*

- एनयूएचएम के तहत एचआरएच की कमी और कार्यबल प्रबंधन को प्रभावित करने वाले कारकों की समीक्षा के लिए एक ढांचा तैयार किया गया। राज्यों (कर्नाटक, असम, ओडिशा और उत्तर प्रदेश) के दौरे किए गए।
- एनयूएचएम के तहत विभिन्न मॉडल, यथा– पंजाब में स्वास्थ्य कियोस्क और छत्तीसगढ़ में मुख्य मंत्री शहरी स्वास्ळथ्य कार्यक्रम (एमएमएसएसके) की समीक्षा की गई (पीएचए डिवीजन के साथ) और निष्कर्ष स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को भेजे गए।
- इंदौर में चौथी सर्वश्रेष्ठ आदतें कार्यशाला के दौरान, एनयूएचएम के तहत एचआरएच को सुदृढ़ बनाने वाले मुद्दों और तंत्र को उजागर करने वाले एक ब्रोशर को तैयार किया गया और वितरित किया गया।
- शहरी क्षेत्रों में एएनएम के कार्यनिष्पादन में वृद्धि करने के लिए मार्गदर्शिका तैयार करने में योगदान किया गया।

गतिविधि 4: कार्यबल प्रबंधन पर मार्गदर्शिकाः एनएचएम कार्यबल प्रबंधन के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत

*4.1: एनएचएम कार्यबल प्रबंधन के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत*

- प्रमुख कार्यबल प्रबंधन के मार्गदर्शी सिद्धांतों को उजागर करने वाले प्रचालन मैनुअल का पहला मसौदा तैयार किया गया। राज्यों और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से प्राप्त राय और सुझावों को शामिल किया गया। संशोधित मसौदे को मंजूरी के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को भेजा गया।

*4.2: मानव संसाधन की नियुक्ति के लिए मॉडल अनुबंध और एनएचएम के तहत स्टाफ के कार्यनिष्पादन सूचक।*

- राज्य एचआरएच भर्ती को सुचारु बनाने के लिए मॉडल अनुबंध विकसित किया गया और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को भेजा गया।
- प्रमुख सेवा प्रदाताओं के कार्यनिष्पादन सूचकों के ड्राफ्ट प्रोटोटाइप तैयार किए गए और राय और सुझावों के लिए आंतरिक रूप से साझा किए गए।

*4.3: स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और एनएचएम के बीच एकीकरण*

- कार्यबल की भर्ती सूचना और पांच राज्यों की अध्ययन रिपोर्ट के आधार पर, *'स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और एनएचएम के बीच एकीकरण'* पर एक नोट तैयार किया गया और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को भिजवाया गया।

*4.4: यदि उचित हो तो 3 और राज्यों में जन स्वास्थ्य संवर्ग की स्थापना में सक्रिय रूप से राज्यों को सहयोग करना।*

- छत्तीसगढ़ में जन स्वास्थ्य संवर्ग की स्थापना के लिए कोर समूह की बैठकों में भाग लिया।
- हिमाचल प्रदेश को जन स्वास्थ्य संवर्ग स्थापित करने के लिए प्रदान किए गए तकनीकी सहयोग पर तैयार कैबिनेट नोट को अंतिम रूप देने में योगदान किया गया।

गतिविधि 5: राज्यों का प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण करना

*5.1: मूल्य आधारित नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम*

- सार्वभौम मानव मूल्यों (यूएचवी) पर शिक्षा जारी रखने के लिए एनएचएसआरसी में दो मासिक समीक्षा सत्र आयोजित किए गए।
- सेतु कार्यक्रम के लिए एक यूएचवी इकाई विकसित करने के लिए संसाधन टीम के साथ सहयोग जारी।
- सेतु पाठ्यक्रम प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल किए जाने हेतु परीक्षण करने के लिए यूएचवी टीम द्वारा विकसित मॉड्यूल की समीक्षा की गई।

*5.2: राज्यों में स्वास्थ्य कर्मियों के लिए व्यापक एकीकृत प्रशिक्षण योजनाएं शुरू की गईं*

- परामर्शदाताओं और प्रयोगशाला तकनीशियनों के लिए व्यापक एकीकृत प्रशिक्षण योजनाएं तैयार की गईं और उन्हें अनुमोदन के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सौंपा गया।
- दो चरणों में 28 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 'एचआरएच बूट शिविर' आयोजित करने के लिए टीएसए को तकनीकी और उपस्कर सहायता प्रदान की गई।

गतिविधि 6: अध्ययन और मूल्यांकन करना

*6.1: ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य कार्यबल को सेवा में बनाए रखने की रणनीतियों पर अध्ययन*

- सभी पांच राज्यों का डेटा विश्लेषण संपन्न।
- अध्ययन भागीदारों द्वारा सभी पांच राज्यों के लिए रिपोर्ट का मसौदा प्रस्तुत।

*6.2: छत्तीसगढ़ में 'आशा से एएनएम': चुनौतियां और अवसर पर अध्ययन*

- छत्तीसगढ़ में आशा से एएनएम': चुनौतियां और अवसर विषय पर रिपोर्ट 'को अंतिम रूप दिया गया।

*6.3: चुनिंदा राज्यों में नर्सिंग के लिए शासन ढांचे का अध्ययन*

- अंतिम रिपोर्ट मुद्रित की गई और इसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं राज्यों के सभी संबंधित हितधारकों को वितरित किया जाएगा।

गतिविधि 7: पीआईपी मूल्यांकनः मानव संसाधन मूल्यांकन और सिफारिश

*7.1: अपने प्रस्तावों को वित्त वर्ष 2018–19 के लिए पुनः मुद्रित बजट पत्रक के समनुरूप बनाने के लिए राज्यों को सहयोग प्रदान करना*

- पीआईपी को वित्त वर्ष 2018–19 के लिए पुनः मुद्रित बजट पत्र के समनुरूप बनाने के लिए सिक्किम, मिजोरम, मणिपुर, आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, नागालैंड, असम, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, बिहार, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, उत्तराखंड, गुजरात, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, दादर और नगर हवेली और त्रिपुरा राज्यों को इनपुट प्रदान किए गए थेः

*7.2 पीआईपी के लिए साक्ष्य–आधारित निर्णय लेने के लिए सहयोग*

- सिक्किम, मिजोरम, मणिपुर, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र, असम, नागालैंड, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, जम्मू–कश्मीर और छत्तीसगढ़ राज्यों के लिए साक्ष्य–आधारित निर्णय लेने के लिए एएस एंड एमडी और संयुक्त सचिव (नीति) को एचआर और कार्यक्रम प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर इनपुट प्रदान किए गए।

*7.3 एनपीसीसी बैठकों में चर्चा के अनुसार राज्यों द्वारा प्रस्तावित मानव संसाधन की मंजूरी के लिए सिफारिशें करना*

- सिक्किम, मणिपुर, केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु के लिए एनपीसीसी बैठकों में की गई चर्चा के अनुसार राज्यों द्वारा प्रस्तावित मानव संसाधन की मंजूरी के लिए सिफारिशें की गईं।

## V. जन स्वास्थ्य प्रशासन

प्रमुख गतिविधियां:

1. मातृ मृत्यु समीक्षा (एमडीआर), बाल मृत्यु समीक्षा (सीडीआर) और मातृ निकट गर्भपात समीक्षा (एमएनएम–आर) के कार्यान्वयन में राज्यों को सहयोग देना।
2. मॉडल स्वास्थ्य जिलों, आकांक्षी जिलों और ईजीएसए के विकास में राज्यों को सहयोग देना।
